S No 4 (R)

42

कार्यालय पुलिस अधीक्षक दमोह

क्रमांक–पुअ / दमोह / शिका. / रा0मा0अ0आ0 / 4 / ए / 10 दिनांक– 21 .05.10

प्रति,

माननीय रिसर्च आफिसर
राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग
6 वी मंजिल 'बी' विंग, लोक नायक भवन
खान मार्केट, नई दिल्ली –110003

1270/Gen-12010
01/06/10

विषयः– ग्राम सैडारा में 15 वर्षिय आदिवासी लड़की लीलाबाई पुत्री चन्दू आदिवासी की जलाकर हत्या करने के संबंध में आवेदन पत्र का जांच प्रतिवेदन ।

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक–Press Clipping/ MP-1/Atro city/2010/RU-III DATE- 19/4/2010

—0—

Dir RGD
Regd.
Pl. put up
1/6/10
RW3

कृपया विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से विषयांकित आवेदन पत्र प्राप्त होने पर आवेदन पत्र की जांच पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पथरिया से कराई गई । जिन्होने अपने प्रतिवेदन में लेख किया है कि " दिनांक–20.3.10 को घायल लीला बाई पुत्री चंदू आदिवासी उम्र–15 वर्ष निवासी–ग्राम सैड़ारा थाना बटियागढ़ जिला दमोह को जली हुई अवस्था में जिला चिकित्सालय दमोह लाया गया था । घायल लीलाबाई के कथन तहसीलदार श्री जैन द्वारा कराए गए थे जांच उपरांत आरोपी गोविंद सिंह के विरूद्ध बिना नम्बर–0 / 10 धारा–452,307,450 ता0हि0 3(2)5,3(1)10 एससी / एसटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर थाना बटियागढ़ में दिनांक–21.3.2010 को अपराध क्रमाक–57 / 10 धारा–452,307,450 ता0हि0 3(2)5,3(1)10 एससी / एसटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण की विवेचना अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पथरिया श्री ए0के0 मिश्रा द्वारा कराई गई । घायल लीला बाई के फौत हो जाने प्रकरण में धारा–302 ता0हि0 इजाफा की गई । आरोपी गोविंद सिंह वल्द कल्याण सिंह ठाकुर उम्र–18 वर्ष निवासी–सैड़ारा थाना बटियागढ़ दिनांक–21.3.2010 को विधिवत गिरफतार कराया जाकर प्रकरण में चालान क्रमांक–86 / 10 दिनांक–07.05.2010 को तैयार कराया जाकर माननीय न्यायालय के केस नम्बर–530 / 10 दिनांक–14.05.2010 को प्रस्तुत कराया गया " ।

मृतिका के परिवार वालों को राहत प्रकरण तैयार कराया जाकर जिला संयोजक कार्यालय दमो की ओर भेजा गया जहॉ स्वीकृति हेतु लंबित है ।

थाना प्रभारी पथरिया को मृतिका के परिवारजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है ।

प्रतिवेदन सादर अवलोकनार्थ प्रेषित ।

संलग्न– मूल शिकायत पत्र .

पुलिस अधीक्षक
दमोह

SSA, NIC
For website
11/10/10

Ch.Raju
Discussed with SSA NIC
He needs scanned copy.
Pl. do needful immediately
11/10/10